हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 3 अगस्त 2025



## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आज

**विदिशा।** रविवार सुबह 11 बजे कामधेनु गार्डन ईदगाह चौराहे पर लायंस क्लब आनंदपुर सद्गुरु की 2025-26 नवीन कार्यकारणी के शपथ ग्रहण समारोह होगा। अध्यक्ष सचिव एवं कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी लायंस क्लब आनंदपुर ने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### 2 लाख 35 हजार 524 हितग्राहियों के खातों में 46.70 करोड़ जमा हुए

**विदिशा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त वितरण का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी उत्तरप्रदेश से सिंगल क्लिक के माध्यम से बीसवी किश्त की राशि किसानो के बैंक खातों में जमा की है। विदिशा जिले में प्रधानमंत्री सम्माननिधि योजना के अंतर्गत बीसवीं किश्त की राशि का भुगतान कुल दो लाख 33 हजार 524 कृषक परिवारों को भुगतान किया गया है। तहसीलवार किसानो की संख्या इस प्रकार से है सिरोंज के 41234, बासौदा के 27170, लटेरी के 25339, नटेरन के 19053, शमशाबाद के 19172, त्योंदा के 14535, ग्यारसपुर 13190, गुलाबगंज के 10939, विदिशा शहरी एवं ग्रामीण मिलाकर 33290, कुरवाई और पठारी दोनो तहसीलो को मिलाकर 29602 कृषक परिवारों के हितग्राहियों को राशि भुगतान की गई है।

### एक प्रकरण में नकद इनाम की घोषणा की

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा फरार आरोपियों की सूचना देने वालों को एक-एक हजार रुपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है। थाना ग्यारसपुर के दर्ज अपराध के फरार आरोपियों में गोलू पुत्र नारायण सिंह मीना, कोमल बाई पत्नि नारायण सिंह मीना, पिंकी पुत्री नारायण सिंह मीना, सिमरन पुत्री नारायण सिंह मीना, भूरी पुत्री नारायण सिंह मीना निवासीगण ग्राम बोरीरामपुर थाना ग्यारसपुर तथा पृथ्वी पुत्र अमान सिंह मीना निवासी ग्राम पुरागुंसाई थाना ग्यारसपुर की सूचना देने वाले को एक-एक हजार (प्रत्येक पर) रुपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है।

### सीपीसीटी परीक्षा हेतु प्रशिक्षण 18 अगस्त से

**विदिशा।** जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी, विदिशा के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय परिसर में संचालित ई-दक्ष केंद्र में सीपीसीटी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन 18 अगस्त से किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी 14 अगस्त 2025 तक ई-दक्ष केंद्र, विदिशा में आवेदन कर सकते हैं। केंद्र में कुल 30 कंप्यूटर की क्षमता है। प्रशिक्षण की कुल अवधि 45 घंटे (सिद्धांत .प्रायोगिक) निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 102 है तथा शासन द्वारा निर्धारित 1000 शुल्क आवेदक को जमा कराना अनिवार्य होगा। इच्छुक अभ्यर्थी ई-दक्ष केंद्र, विदिशा में सीधे उपस्थित होकर या ईमेल rcbcvds @mapit. gov.in के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

## मेडिकल कॉलेज में अंगदान दिवस पर जागरुक किया, नागरिकों ने लिया अंगदान संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में शनिवार को 15वां भारतीय अंगदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विविध जागरूकता कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटक एवं अंगदान पंजीयन अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे चिकित्सालय भवन के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, चिकित्सक, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ, तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अंगदान के महत्व को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। अधिष्ठाता, चिकित्सा अधीक्षक तथा अन्य अतिथियों द्वारा दिए गए उद्बोधनों ने भावनात्मक रूप से श्रोताओं को जोड़ते हुए अंगदान जीवनदान की भावना को बल दिया।



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों को संबोधित करते हुए भार्गव।

### अंगदान हेतु डिजिटल रजिस्ट्रेशन एवं रजिस्टर में हस्ताक्षर किए गए

अटल विहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को अंगदान की शपथ ली गई जिसमें एक अंगदान कई जीवनदान का संकल्प दोहराया गया। इसके अतिरिक्त सीआरसी भवन के सामने लगाए गए स्कैनर आधारित पंजीयन केंद्र पर दो दिनों तक विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा अंगदान हेतु डिजिटल रजिस्ट्रेशन एवं रजिस्टर में हस्ताक्षर किए गए। परिसर में स्पीकर प्रणाली से लगातार घोषणाएं कर लोगों को पंजीयन हेतु प्रेरित किया गया।

### यह हैं विशेष उपलब्धि

इस अभियान के अंतर्गत अब तक कुल 200 लोगों ने अंगदान हेतु पंजीयन कराया, जो कि एक अत्यंत प्रेरणादायक संख्या है। अब तक महाविद्यालय में 33 देहदान, 17 किडनी दान, 3 कॉर्निया दान सफलतापूर्वक प्राप्त हुए हैं, जो इस संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को दर्शाते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रदीप बाल्मीकि ने सभी प्रतिभागियों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों डॉ. अभिषेक राजपूत, राहुल शिन्दे का आभार माना।

### उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए बनाए गए दल ने की कार्रवाई

## किसानों को अधिक मात्रा में यूरिया बेचने पर 12 उर्वरक विक्रेताओं पर हुई कार्रवाई

**कार्रवाई:** उर्वरक विक्रेताओं को सात दिन के भीतर जमा करना होगा अर्थ दंड

किसानों को उनके रकबे की क्षमता से अधिक मात्रा में उर्वरक बेचने वाले कीटनाशक विक्रेताओं पर कृषि विभाग के जिला स्तरीय जांच दल ने कार्रवाई की है। जांच में ऐसे करीब 12 उर्वरक विक्रेता सामने आए जिन्होंने किसानों को उनके रकबे की क्षमता से अधिक उर्वरक बेचा है। ऐसे विक्रेताओं को सात दिन के भीतर अर्थदंड की राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी की रोकथाम और किसानों को आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग के जिला स्तरीय जांच दल द्वारा निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है।

इसकी जांच के लिए उर्वरक विक्रेताओं द्वारा जून 2025 में किसानों को कितना-कितना यूरिया विक्रय किया गया जिला स्तरीय जांच दल से कराई गई। जांच में पाया गया कि जिले के 2 डबललॉक केन्द्रों, 8 सहकारी समितियां एवं 2 निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा किसानों को उनकी आवश्यकता से अधिक यूरिया बेच दिया। एक ही कृषक को उसके धारित रकबे के लिए आवश्यक यूरिया की मात्रा से अधिक मात्रा में यूरिया बेचा गया है। जिससे अन्य किसानों के लिए यूरिया की उपलब्धता कम हुई और उन्हें यूरिया खरीदने के लिए भटकना पड़ा।

### जिला स्तरीय टीम ने इन पर की कार्रवाई

जिला स्तरीय टीम ने जिन 12 उर्वरक विक्रेताओं पर अर्थ दंड अधिरोधित किया गया है। उनमें में. खाद वितरण केंद्र (डबललॉक) कुरवाई, में. खाद वितरण केन्द्र (डबललॉक) विदिशा, में. प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. करैया, में. प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. दीपनाखेडा, में. प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. पैरवासा, में. प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. सेऊ, में. प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. पीपरहूंठा, में. प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. कॉलिंजा, में. प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. अहमदपुर, में. प्राथमिक साख सहकारी समिति मर्या. निशोबर्री, में. पीतलिया सीड्स एण्ड फर्टिलाईजर्स विदिशा, में. मुकेश पंथी, नयागोला नटेरन शामिल हैं। जिन्हें अर्थदंड की राशि 7 दिवस के अंदर शासकीय मद में जमा कर विभाग को सूचना देनी होगी।

### इन पर हो कार्रवाई

अमानक कीटनाशक और बीज बचने के मामले भी जिले में सामने आ रहे हैं। किसानों को नकली कीटनाशक बेचने वालों पर भी प्रशासन और कृषि विभाग को कार्रवाई करना चाहिए। वहीं नकली बीज बेचकर किसानों को ठगने वालों पर भी सख्त हो।

उर्वरक विक्रेताओं का यह कृत्य फर्टिलाइजर कंट्रोल ऑर्डर 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 के विरुद्ध है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर इन उर्वरक विक्रेताओं के उक्त कृत्य पर संज्ञान लेते 12 उर्वरक विक्रेताओं पर रुपए 5 -5 हजार अर्थदंड लगाया है।

### अवैध शराब की तस्करी करते एक गिरफ्तार

**विदिशा।** जिले में अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान नशे से दूरी है जरूरी के अंतर्गत थाना कुरवाई पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब व एक बाइक जब्त की है। शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि रूसिया पठार क्षेत्र में एक व्यक्ति लाल रंग की बाइक से अवैध हाथ भट्टी की शराब ले जा रहा है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए प्रधान आरक्षक संजय सिंह जादौन ने टीम के साथ घेराबंदी कर आरोपी गणेशराम पिता गोरेलाल निवासी ग्राम माला को पकड़ लिया। उसके पास से प्लास्टिक की केन में 15 लीटर कच्ची जहरीली शराब व एक प्लेटिना बाइक जब्त की गई।

### हनीफ खान मंसूरी को मिला प्रथम पुरस्कार

**शमशाबाद।** नशा मुक्त अभियान के तहत विदिशा पुलिस द्वारा आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में शमशाबाद खेल समन्वयक हनीफ खान मंसूरी को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। हनीफ खान मंसूरी को आई जी भोपाल जोन अभय सिंह, एसपी रोहित केशवानी, विधायक मुकेश टंडन द्वारा ऑडिटोरियम में नशामुक्ति अभियान समापन समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं नगद 11 हजार का पुरुस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। हनीफ खान मंसूरी द्वारा नशा मुक्ति पर तीन स्लोगन तैयार किए गए थे। नशे की महफिल में जो आबाद हुआ, भविष्य उसका बर्बाद हुआ। जिंदगी को अगर खुलकर जीना है तो नशे से दूर रहना है एवं हर नशा एक जंजीर है, जो मिटाता तकदीर है।

## ब्राउन शुगर की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



विदिशा। ब्राउन शुगर के साथ पुलिस गिरफ्त में आया शातिर तस्कर।

4.7 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,40,700 आंकी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के तहत शमशाबाद पुलिस एक बड़ी सफलता मिली है। मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 4.7 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है।

1 अगस्त को थाना शमशाबाद पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम डबरी में नदी के पास एक संदिग्ध युवक ब्राउन शुगर बेचने की फिराक में खड़ा है। निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा तत्परता से मौके पर पहुंचकर संदिग्ध युवक फोटू उर्फ अरमान पिता हुरमत खां उम्र 35 वर्ष निवासी छोटा खेड़ा करमेडी, थाना शमशाबाद को पकड़ा गया। उसकी तलाशी लेने पर उसकी पैंट की जेब से 14.7 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 1, लाख 700 रुपए आंकी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शमशाबाद में मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया। गिरफ्तार आरोपी फोटू उर्फ अरमान पिता हुरमत खां उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम छोटा खेड़ा करमेडी जेल भेज दिया गया है। विदिशा पुलिस अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सख्त अभियान चला रही है।

## जिसने दोषों को छिपाया और स्थिरतीकरण करके उन्हें दूर किया, वही सम्यक दृष्टि है

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बाल ब्रह्मचारी सुमतप्रकाश उदयगिरी में विराजित हैं। उनके द्वारा सुबह 9 बजे और दोपहर 3 बजे स्वाध्याय कराया जा रहा है।

प्रवक्ता डॉ मक्खन लाल जैन ने बताया कि प्रातःकाल के स्वाध्याय में 'समर्पण' नामक रचना का पठन चल रहा है। आत्मा को सर्वस्व और द्वादशांग का सूर्य बताया गया है, तथा आत्मा का अनुभव न करना ही प्रमाद है। कषायों के भार से भारी होना प्रमाद है। आत्मा ध्रुव है, इसलिए आत्मा के आश्रय से होने वाला आनंद भी ध्रुव होता है। आत्मा का अनुभव करने वाले व्यक्ति में निःशंकित, निक्कांछित, निर्भी चिकित्सा, अमूढ़, दृष्टि, उपगुहन, स्थतिकरण वात्सल्य प्रभावना आदि आठ गुण प्रकट होते हैं। ऐसे व्यक्ति को कोई शंका नहीं होती। सप्त भय नहीं होते, उसे मरने का या परलोक का भय नहीं होता और न ही उसे किसी प्रकार की आकांक्षा होती है। वह निर्मल पर्याय केवल ज्ञान तक की भी लालसा नहीं करता।

वह निर्भीकल्प चिकित्सक का पालन करता है और औद्योगिक भाव की कमजोरियों को देखकर गलानी महसूस नहीं करता, क्योंकि वह दोषों को आत्मा से भिन्न जानता है। उसे विश्वास है कि दोष अवश्य मिटेंगे। जिसने दोषों को छिपाया और स्थिरतीकरण करके उन्हें दूर किया, वही सम्यक दृष्टि है।

### कार्यक्रम कर शिक्षक को किया सम्मानित

**अहमदपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र अहमदपुर में सेवानिवृत शिक्षकों पन्नालाल किरार का विदाई समारोह आयोजित किया गया। समग्र शिक्षक संगठन मध्य प्रदेश के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अखिल भारतीय स्वर्णकार महासभा लायन अरुण कुमार सोनी ने बताया शासकीय माध्यमिक विद्यालय कांकर खेड़ी के शिक्षक श्री किरार को शाल, श्रीफल, पुष्पमाला व अभिनंदन पत्र वाचन के साथ सम्मानित किया गया।

### सीबीएसई वेस्ट ज़ोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के ऑब्जर्वर बने अतुल जाट

**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी अतुल जाट को सीबीएसई वेस्ट जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 3 अगस्त से 6 अगस्त 2025 तक पिनेकल पब्लिक स्कूल, गांधीनगर, गुजरात में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके अतुल को इस जिम्मेदारी के साथ खिलाड़ियों की तकनीकी गुणवत्ता, खेल भावना और नियमों के पालन की निगरानी की अहम भूमिका सौंपी गई है।

### मंदिरों को शक्ति केंद्र बनाने पर होगा मंथन

**विदिशा।** विदिशा में शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय महामंत्री संजय शर्मा का आगमन हुआ। वह गौरी मैरेज हॉल में मप्र के जागरूक बुद्धिजीवियों से मुलाकात करेंगे और देश के समक्ष जो वर्तमान चुनौतियां हैं उसको कैसे समाधान निकाला जाए इस विषय पर मंथन किया जाएगा। संगठन के प्रभारी कृष्णकांत आचार्य और समन्वयक पंकज रघुवंशी ने बताया कि आने वाले दिनों में मप्र के सभी जिलों में शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान संगठन का विस्तार किया जाएगा।

## बाढ़ में क्षतिग्रस्त सड़कों व पुल पुलियों की मरम्मत शीघ्र करें: कलेक्टर गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में हुई अतिवृष्टि से निर्मित बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों और पुल पुलियों की मरम्मत शीघ्र कराने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर ने क्षतिग्रस्त हुई सड़कों और पुल पुलियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसी पुल पुलियां जिनका मरम्मत कार्य में विलम्बता हो सकती है उन क्षेत्रों में साइन बोर्ड लगाए जाएं। जिसमें परिवर्तित मार्ग का उल्लेख हो। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कें और भू-अर्जन के संबंध में होने वाले दिक्कतों के समाधानों की प्राप्ति हेतु यह बैठक आयोजित की गई है। सड़कों के कार्यो को कराने वाले निर्माण विभाग, अद्यतन स्थिति की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में सम्पूर्ण विवरण के साथ जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं साथ ही क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण यातायात प्रभावित न हो इसके लिए वैकल्पिक मरम्मत संबंधी कार्य यथाशीघ्र पूरे कराए जाएं।



### बारिश में लोक निर्माण विभाग की 9 सड़कें हुईं क्षतिग्रस्त

बैठक में बताया गया कि जिले में हुई अतिवृष्टि और जलभराव के कारण लोक निर्माण विभाग की 9 सड़कें, पीएमजीएसबाय की 4 , एनएच की एक, एमपीआरडीसी की एक तथा आरईएस की 3 सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण यातायात की व्यवस्था वन-वे के रूप में संचालित की जा रही हैं। सेतु निगम के द्वारा पुल-पुलियों के संबंध में जानकारियां दी गई हैं। कलेक्टर ने निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान जो सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है उनमें से कितनी सड़के गारंटी पीरियड की है कि जानकारी भी साइन बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित की जाए और संबंधित ठेकेदार के माध्यम से शीघ्रतिशीघ्र दुरस्त कराई जाए ताकि आवागमन प्रभावित न हो।

### कुरवाई से दुनातर शिवधाम तक विशाल कांवड़ यात्रा 4 को

**कुरवाई।** सत्य श्री सनातन धर्म सेवा समिति के तत्वावधान में पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कुरवाई से दुनातर शिवधाम तक विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा सुबह 9 बजे मुरलीधर मंदिर, बेतवा तट से प्रारंभ होगी। आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रा के दौरान धार्मिक उत्साह और भक्ति का विशेष वातावरण रहेगा। इस अवसर पर दिल्ली की कलाकारों द्वारा भगवान शिव की भव्य झांकी और भक्तिमय प्रस्तुति दी जाएगी। कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए इच्छुक भक्तों के लिए सुंदर कांवड़ सजाने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा, जिनको निम्नानुसार राशि प्रदान की जाएगी। प्रथम को 3100, द्वितीय को 2100, एवं तृतीय को 1100, राशि प्रदान को जाएगी। इस यात्रा का संचालन चरण सेवक सीमा दीपचंद सप्रे जनपद सदस्य कुरवाई के मार्गदर्शन में होगा।

## मलखंभ प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

**कार्यक्रम:** बच्चों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शिक्षा विभाग द्वारा पालन सेवा फाउंडेशन के केंद्र ग्राम सलूस में जिला स्तरीय मल्लखंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में खेल अधिकारी संतोष चतुर्वेदी एवं विश्वामित्र अवार्डी व जिला मल्लखंभ संघ के संस्थापक दिलीप थापा मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन को सराहा और चयन प्रक्रिया में मार्गदर्शन किया। यह पहली बार था जब ग्राम सलूस जैसे दूरस्थ आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने मल्लखंभ जैसे पारंपरिक खेल में अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों का चयन आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। शिक्षा विभाग से खेल शिक्षक मोना रेकवार भी विशेष उपस्थित रहीं। पालन सेवा फाउंडेशन की ओर से संस्थापक पराग अग्रवाल, पाठशाला समन्वयक अंकित चौरसिया, खेल समन्वयक अभिषेक गौतम एवं धर्मेन्द्र आदिवासी ने आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई। चयनित खिलाड़ी अब संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



विदिशा। प्रतियोगिता के दौरान मलखंभ की कला का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

## सावन के अंतिम सोमवार चार अगस्त को निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा, पहली बार शामिल होगी महाकाल की सवारी

शनिवार को परिणय गार्डन में हुई सनातन हिंदू उत्सव समिति की बैठक में कांवड यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार को परिणय गार्डन में हिंदू उत्सव समिति की बैठक हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति के पदाधिकारियों को कावड़ यात्रा की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई।

21 स्थानों पर कांवड़ यात्रा का स्वागत किया जाएगा। बेतवा नदी के तट से जल भरकर कांवड़िए कांच मंदिर स्थित शिवालय पहुंचेंगे। हिउस समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। दूर दराज से आने-जाने और जाने के लिए 20 से अधिक वाहनों की व्यवस्था की जाएगी। कांवड़ यात्रा के दौरान प्रशासन एवं पुलिस की मौजूदगी, डॉक्टरों की टीम सहित एंबुलेंस व्यवस्था, साफ सफाई का ध्यान रखते हुए नगरपालिका सीएमओ से कांवड़ यात्रा के आगे और पीछे सफाई कर्मी और सफाई वाहन चलाने के लिए चर्चा की गई है। जिससे कावड़ियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।



### कांवड़ यात्रा में शामिल होने के लिए पंपलेट बांटे

यात्रा को अधिक से अधिक श्रद्धालुओं तक पहुँचाने और उन्हें आमंत्रित करने हेतु समिति के उपाध्यक्ष व कांवड़ यात्रा संयोजक मनीष अखिलेश राजपूत तथा प्रवक्ता रेखा मनोज शर्मा अपने-अपने वार्डों व मोहल्लों में पंपलेट बांट रहे हैं।

### 68 तीर्थ धामों के जल से होगा जलाभिषेक

कांवड़ों के जल पात्रों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। इस कार्य में समिति के महामंत्री राहुल कुशवाह अपने साथियों के साथ जुटे हुए हैं। फूल-मालाओं, रंगीन कागज, झालरों और धार्मिक प्रतीकों से कांवड़ों को सजाया जा रहा है। जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया है। कांवड़ यात्रा के रास्ते पर शहर में जगह जगह जो गड्ढे हैं उनके लिए नगरपालिका सीएमओ से बात कर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3046
सुजाता
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव-2762
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-2550
चना
न्यूनतम भाव-3950
उच्चतम भाव-6170
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-8580
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3635
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2020
उच्चतम भाव-4772
सरसों
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-8380
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7981
धान
न्यूनतम भाव-1410
उच्चतम भाव-2930
उड़द
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 4612 बोरे उपज की आवक हुई।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस मामले में 3 महीने की सजा

**गंजबासौदा।** चेक बाउंस मामले में प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायाधीश द्वारा 3 महीने की सजा और 307000 रुपए जुर्माना किया गया। कर्म योगी बहुउद्देशीय सांग सहकारी संस्था से सचिन श्रीवास्तव वार्ड क्रमांक 4 द्वारा ऋण लिया गया था। ऋण भुगतान के लिए नागरिक बैंक का चेक उपयोग किया गया था। लेकिन अकाउंट में पर्याप्त राशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया था।

### इलाके में बार-बार हो रही बिजली गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों सहित ग्रामीण अंचलों में बगैर सूचना के कभी भी बिजली कटौती की जा रही है। जिससे उपभोक्ताओं को अंधेरे में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि जब साल भर विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मेंटेनेंश के नाम पर बिजली कटौती की जाती है तो फिर थोड़ी ही बारिश होते ही नगर में बिजली प्रदाय बंद क्यों कर दिया जाता है।

### सड़क में उभरे गड्ढे

**गंजबासौदा।** पचमा बायपास मार्ग में इन दिनों बड़े- बड़े गड्ढे उभर आए हैं। जिनमें बारिश का पानी जमा हो जाने से दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों एवं पैदल राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सैकड़ों विद्यार्थियों ने रैली निकालकर जय स्तंभ पर की नारेबाजी

# एसएससी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के सैकड़ों विद्यार्थियों ने शनिवार दोपहर एसएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में व्याप्त अनियमितताओं के विरोध में बरेठ रोड से रैली निकाली। जो मुख्य मार्ग से होते हुए जय स्तंभ चौराहा पहुंची जहां विद्यार्थियों ने जमकर नारेबाजी की एवं ज्ञापन सौंपने से पहले सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने जयस्तंभ चौक पर राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और शांति के साथ विरोध दर्ज कराया। इसके बाद सभी विद्यार्थी लाल परेड ग्राउण्ड स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां राष्ट्रपति के नाम एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपना था। लेकिन एसडीएम के मौजूद न होने पर विद्यार्थी कार्यालय के बाहर ही धरने पर बैठ गए।

आधे घंटे बाद एसडीएम विजय राय के आने पर विद्यार्थियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।





सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि एसएससी परीक्षाओं में परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी समस्याएं, समय पर प्रवेश न मिलना, प्रशासनिक लापरवाही और अभ्यर्थियों के साथ अमानवीय व्यवहार जैसी समस्याएँ सामने आ रही हैं, जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में है। अभ्यर्थियों ने माँग की है कि एसएससी परीक्षा प्रणाली की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए। दोषी परीक्षा एजेंसियों एवं अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जाए।

सभी गड़बड़ियों के बाद पुनः निष्पक्ष रूप से परीक्षाएँ आयोजित की जाएँ। ज्ञापन में विद्यार्थियों ने अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में हो रही अनियमितताओं पर चिंता जताई। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर उचित प्रबंधन के अभाव, तकनीकी समस्याओं, समय पर प्रवेश न मिलने और अभ्यर्थियों के साथ अमानवीय व्यवहार जैसी समस्याओं का उल्लेख किया। विद्यार्थियों का कहना था कि इन समस्याओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य संकट में है। विद्यार्थियों ने परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिहीन बनाने की मांग की। साथ ही 31 जुलाई 2025 को दिल्ली आंदोलन में शिक्षकों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापिस लेने की भी मांग रखी। विद्यार्थियों की ओर से यह अपील की गई है कि राष्ट्रपति इस विषय को गंभीरता से संज्ञान में लें और देश के युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## उचित कार्रवाई को लेकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

त्योंदा तहसील के ग्राम पैरवासा निवासी शिवराज सिंह यादव ने अनेक लोगों के साथ विदिशा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि उनके छोटे भाई स्व कल्याण यादव की शादी एक वर्ष पूर्व बासौदा निवासी रागिनी नामक एक युवती से हुई थी। जिनका चार माह का पुत्र है। आवेदन में कहा गया है कि भाई की पत्नी उसे लगातार परेशान करती थी और उसके माता पिता भी उसका साथ देते थे। गत 9 जुलाई को मेरा भाई करीला गया था, तभी उसकी पत्नी मौका पाकर घर से नगदी 50 हजार रुपए और डेढ़ लाख रुपए कीमत के आभूषण लेकर अपने पिता देवेन्द्र और एक अन्य व्यक्ति के साथ गाड़ी पर बैठकर चली गई थी। जब भाई वापस लौटा तो उसे रागिनी नहीं मिली। जब उसने पत्नी को फोन लगाया तो उसने भाई को धमकी दे डाली। जिसके बाद दूसरे दिन 10 जुलाई को मेरे भाई कल्याण ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। आवेदन में शिवराज यादव का कहना है कि उसके भाई की मौत के जिम्मेदार उसकी पत्नी और उसके परिजन हैं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पीड़ित पक्ष ने त्योंदा थाने में रिपोर्ट भी दर्ज कराई है।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण संजीवनी किट का वितरण किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पर पार्षद संतोषी जितेन्द्र मैना ने सेम श्रेणी के बच्चों को पोषण संजीवनी किट का वितरण किया। यह किट जन सहयोग से ऐसे बच्चों को दी जाती है जो एनआरसी में भर्ती हुए हैं। इस किट में बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक खाद्य सामग्री दी गई, जिससे बच्चा कुपोषण से बाहर आ सके। इस अवसर पर पर्यवेक्षक भारती दांगी, रजनी तिवारी, संगीता अहिरवार, रेणु जैन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सविता साहू, ज्योति लोधी, सहायिका कमला सेन, सुनीता पाल सहित बड़ी संख्या में हितग्राही एवं बच्चे मौजूद थे।

## दो दिन धूप निकले के बाद हुई बारिश



**गंजबासौदा।** शनिवार को दोपहर के समय नगर में कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश का दौर शुरु हो गया। जो रुक रुक कर शाम तक चलता रहा। उल्लेखनीय है कि विगत दो दिनों से नगर में बादलों के साथ धूप निकल रही थी तथा मौसम साफ बना हुआ था। लेकिन शनिवार को अचानक मौसम में बदलाव आया और आसमान में बादल छाने के बाद रुक रुक कर बारिश का दौर शुरु हो गया। जिससे नगर की सड़कें पानी से भर गईं। वहीं मौसम में ठण्डक घुल गई। जिससे लोगों को काफी राहत मिली।

### पुल में फंसी झाड़ियों को हटाया



**गंज बासौदा।** गत दिवस बेतवा नदी के बर्रीघाट पुल पर पानी कम होते ही पुल की रैलिंग पर फंसी झाड़ियों को नपा अमले ने हाईड्रा की मदद से निकलवाया गया। साथ ही पुल पर जमा गंदगी एवं सिल्ट को भी साफ किया गया। इस मौके पर नपा सफाई अमला मौजूद रहा।

## चौथे सोमवार को निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा



**गंजबासौदा।** श्रावण मास के चौथे सोमवार को विशाल कांवड़ यात्रा गंज स्थित बेतवा घाट से जल भरकर शिवधाम फूफेर पहुंचेगी। ग्रामवासियों ने बताया कि सावन के महीने में चौथे सोमवार को एक कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कांवड़ यात्री प्रातः 8 बजे पवित्र बेतवा के जल को कांवड़ में भरकर डीजे एवं ढोल ढमाकों की धुन पर शिवधाम फूफैर पहुंचेंगे। ग्राम फूफैर में मां पार्वती के साथ भगवान भोलेनाथ जोड़े के रूप में विराजमान भव्य एवं दिव्य प्राचीन मंदिर है। वहीं दशकों से बारह महीने निरंतर जल की धार बहने वाला स्थान भगवान जटाशंकर महादेव का मंदिर है। मां शिवशक्ति पीठ के श्री चरण विराजमान हरसिद्धि धाम है। वहीं पहाड़ी पर ऊपर से लेकर नीचे मंदिर तक 12 ज्योर्तिलिंग मौजूद हैं।

## पुण्य स्मृति में बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की



**गंजबासौदा।** नगर के प्रसिद्ध योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी द्वारा अपनी बिटिया मरियम कादरी की तेरहवी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में बच्चों को शैक्षणिक सामग्री, पानी की बोतल, कापी रजिस्टर, कलम पेन का वितरण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में साक्षरता सह समन्वयक महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा हमे अपने पूर्वजो बुजुर्गो सहित भारत माता पर जान न्यौछावर कर हमे आजादी दे गये स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शहीद वीरों की याद मे पात्र व्यक्तियो को यथा योग्य दान जरूर करना चाहिए। हमारे धर्म शास्त्र कहते हैं दान करने से धन कभी घटता नही बल्कि बढ़ता है, शुद्ध होता है। इस अवसर पर उन्होंने कंदब व नीम के पौधों का रोपण भी किया। समाजसेवी ऊषा सेन ने बिटिया की स्मृति मे कार्यक्रम आयोजित करने पर योग गुरू कादरी को साधुवाद देते हुए कहा बेटियों के लिऐ हमें अभी बहुत कुछ करना है। आज भी हकीकत मे हमारी बेटियों को वो अधिकार नही मिल पाया है जो बाबा साहब ने संविधान मे उनको प्रदान किया है। पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष फेरन सिंह लोधी ने इस तरह के आयोजन शासकीय शालाओं में किए जाने का सभी समाजसेवी राजनेताओ से आह्वान किया। उन्होने कहा आज शासकीय शालाओं में सबसे गरीब दलित पिछडे वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं जिन पर पर्याप्त साधन , शैक्षणिक सामग्री व शालेय सुविधा नही है। इस तरह के आयोजन से शासकीय शालाओं के बच्चों को कुछ न कुछ प्राप्त होता है। जिससे वो शाला आने उत्साहित होते है। उन्होने दान दाताओं से शासकीय शालाओं विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की और अपना रूख कर दान करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद हुए।

## मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में नवांकुर और डॉल्फिन के विद्यार्थियों को मिला तीन दिन दो रात का टूरिज्म पैकेज



**गंजबासौदा।** मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन विदिशा के रविंद्र नाथ टैगोर ऑडिटोरियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले की 114 टीमों ने भाग लिया, जिसमें नवांकुर और डॉल्फिन स्कूल की टीमों ने विजेता होने का गौरव हासिल किया। नवांकुर विद्यापीठ की टीम के सदस्यों में काव्या त्रिपाठी, श्री शर्मा और अंश विश्वकर्मा सम्मिलित थे तथा डॉल्फिन की टीम में नंदिनी रघुवंशी, नाविका गौड़ और प्रीति रघुवंशी ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक और पुरातात्विक स्थल की धरोहरों की जानकारी बढ़ाना है। इस प्रतियोगिता की प्रथम तीन विजेता टीमों को तीन दिन दो रात का टूरिज्म पैकेज दिया जाता है, जबकि तीन उपविजेता टीमों को दो दिन एक रात का टूरिज्म पैकेज मिलता है। नवांकुर टीम के सदस्यों को मार्गदर्शन देने में वरिष्ठ शिक्षक शंभू सिंह रघुवंशी, विनय सोनी, अभय तिवारी और सुमित रघुवंशी तथा डॉल्फिन की टीम को मार्गदर्शन देने में शिक्षक सन्नी शर्मा, शैलेंद्र कुशवाह, अभिषेक पाठक और शिक्षिका नीतू तनवानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्मरणीय है कि 2016 से प्रतिवर्ष मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है, जिसमें नवांकुर विद्यापीठ की टीम ने प्रतिवर्ष विजेता अथवा उपविजेता होने का गौरव हासिल किया है। इस अवसर पर नवांकुर व डॉल्फिन स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामनाऐं दी हैं।

### सैंट एसआरएस स्कूल टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# पर्यटन क्विज में छात्रों ने परचम लहराया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मप्र टूरिज़्म विभाग द्वारा जिला मुख्यालय पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में स्थानीय सैण्ट एसआरएस स्कूल की टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सीधे राज्य स्तर के लिए पात्रता हासिल कर ली है। अब यह टीम राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश टूरिज़्म क्विज प्रतियोगिता में नीलकंठेश्वर टीम के रूप में भोपाल में विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। संस्था की विज्ञान शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल और मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था के सानिध्य कद्रे, मनीष विश्वकर्मा और राघवेन्द्र शर्मा की टीम ने जिले भर से शामिल स्कूलों की टीमों से जोरदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। पहले लिखित परीक्षा से लेकर आखिरी बिजुअल राउण्ड तक बढ़त बनाते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिले में प्रथम स्थान आने पर टीम को राज्य स्तरीय क्विज के लिए चयनित किया गया। विद्यालय पहुंचने पर विजेता टीम का विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने राज्य स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभेच्छाएं व्यक्त की। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक डॉ. विजय कुमार जैन, रजनी गुप्ता, डॉ. कमला चतुर्वेदी, प्रियंका अग्रवाल,विक्रम सिंह, गोविंद कुशवाह, दिनकर कद्रे, मनोज श्रीवास्तव, सोनू कुशवाह, गजेंद्र दांगी, दीपाली राजपूत सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की रासेयो इकाई ने किया पौधारोपण




गंजबासौदा। शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में पीपल, नीम, जामुन, अनार, आम सहित 15 पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्य जीएमसी शर्मा ने बताया कि यह पहल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और भावी पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन में सहयोग करने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा, भारती पंथी, खेल शिक्षक एसके जैन, आयुषी दांगी, रागनी पाल, संजना मालवीय, अनामिका विश्वकर्मा , प्रेमलता राजपूत, गौरव शर्मा, अमित विश्वकर्मा, कृष्ण साध्य, अनुराग अहिरवार, हर्षित शर्मा, प्रियांशु ठाकुर मौजूद रहे।

# मजदूर की बेटी ने बीसीए में किया जिल में टॉप


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित मई जून 2025 की परीक्षा में नगर के मजदूर की बेटी सुहानी मालवीय ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिस पर संस्था के द्वारा सुहानी को सम्मानित किया गया। मई-जून 2025 में आयोजित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में मीडिया कंप्यूटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरे जिले का नाम रोशन हो गया।

कॉलेज द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान की गई, तो हर चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। यह सिर्फ एक पुरस्कार नहीं था, बल्कि मेहनत, संघर्ष और अनगिनत घंटों की पढ़ाई का परिणाम था। द्वितीय सेमेस्टर की सुहानी मालवीय ने पहला स्थान पाकर यह साबित कर दिया कि समर्पण का कोई विकल्प नहीं होता। उनके बाद वैष्णवी रघुवंशी, विशाखा सूर्यवंशी ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल कर सभी का दिल जीत लिया। बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर में साक्षी सूर्यवंशी ने पहला स्थान पाकर अपने साथियों के लिए प्रेरणा का काम किया। जबकि छवि महेश्वरी और अथर्व त्रिपाठी ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। एमएससी कंप्यूटर साइंस के परिणामों में भी वही मेहनत की चमक दिखी। द्वितीय सेमेस्टर में सोनम साहू ने पहला और दूसरा स्थान अपने नाम किया और आयुषी ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी लगन का परिचय दिया। चतुर्थ सेमेस्टर में संध्या, सोना और पूजा ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर में अस्मिका, रिया और रूपेश ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त कर यह दिखा दिया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर में नंदिनी दुबे ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं डीसीए द्वितीय सेमेस्टर में शिवानी और मुस्कान ने क्रमशः पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। जब कॉलेज प्रबंधन ने इन छात्रों को शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए तो पूरा वातावरण तालियों की गूंज और खुशी के भावों से भर गया। यह सिर्फ पुरस्कार वितरण नहीं था, बल्कि हर छात्र की सफलता, हर शिक्षक की मेहनत और हर सपने के सच होने का उत्सव था। कार्यक्रम में कॉलेज के स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएँ उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### अखिल अखंड रघुवंशी समाज महापरिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष बनें लक्ष्मण सिंह रघुवंशी

**सिरोंज।** अखिल अखंड रघुवंशी समाज महापरिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर रघुवंशी और प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद रघुवंशी की अनुशंसा पर वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मण सिंह रघुवंशी घटवार को अखिल अखंड रघुवंशी समाज महापरिषद उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई। तो वही लक्ष्मण रघुवंशी की इस नियुक्ति पर रघुवंशी समाज में खुशी का माहौल रहा। वही सभी समाजजनों ने श्री रघुवंशी को बधाइयां देकर खुशी जाहिर की।

### श्री राम जन्मोत्सव समिति की बैठक आज

**सिरोंज।** श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा रघुवंशी धर्मशाला ट्रस्ट के गठन तथा सदस्यता से संबंध में नगर के कुरवाई रोड स्थित अनंत श्री गार्डन में आज शाम 5 बजें बैठक का आयोजन किया जाएगा। श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि सदस्यता हेतु जिन समाजजनो ने स्व सहमति प्रदान की उन सभी सदस्यो एंव नवीन जुड़ने वाले सभी सदस्यों अनुरोध है कि सदस्यता राशि साथ लाए। जिससे ट्रस्ट निर्माण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। सदस्यों ने ट्रस्ट हेतु राशि जमा की है वह अपने आधार कार्ड की छायाप्रति अवश्य लाएं।

### एसडीएम चौधरी ने तहसील कार्यालय में किसानों को दिखाया लाइव कार्यक्रम


# पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत पात्र कृषकों को मिली दो हजार रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के वाराणसी से 2 अगस्त को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत पात्र कृषकों को सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की गई। जिसके तहत तहसील सिरोंज अंतर्गत 41234 कृषकों को 82468000 रुपये जारी की गई। तो वही प्रत्येक कृषक को 2000 रूपये की राशि जारी की गई। एसडीएम हर्षल चौधरी, तहसीलदार संजय चौरसिया, नपा अध्यक्ष मन मोहन साहू,जनप्रतिनिधि सहित बडी संख्या में किसान व तहसील कार्यालय कर्मचारियो ने सिरोंज तहसील कार्यालय में प्रधानमंत्री का लाइव कार्यक्रम को देखा।

#### एसडीएम ने दी किसानों को जानकारी

इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त आज वाराणसी से जारी की।



इससे पहले पीएम मोदी ने 18 जून 2024 को वाराणसी से 9.26 करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी थी। किसानों के खाते में 2-2 हजार रुपये क्रेडिट होने लगे हैं। उन्होने किसानो से कहा कि अगर आप इस योजना के पात्र किसान हैं तो आपके खाते में भी 2 हजार रुपये क्रेडिट हुए होंगे या फिर होंगे। लेकिन सवाल यह है कि आखिर कैसे पता करें कि 20वीं किस्त आई है या नहीं। पीएम किसान सम्मान निधि का पैसा अगर आपके अकाउंट में आएगा तो इसका मैसेज आपके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भी आएगा। हालांकि, कई बार होता है कि खाते में पैसे क्रेडिट हो जाते हैं लेकिन मैसेज नहीं आता है। किसान इस बात को लेकर चिंतित हो जाते है। आखिर कैसे पता करें कि 20वीं किस्त का पैसा खाते में आया या नहीं। जिसको लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी ने किसानो को विस्तार से जानकारी दी। जिससे की किसानो को किसी भी प्रकार की कोई परेशानियो का सामना न करना पडें।

### सीएम राईस विद्यालय में संस्था प्रधान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

# स्काउट एंड गाइड विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है : हरिहर चतुर्वेदी

**सिरोंज।** सिरोंज-लटेरी विकास खण्ड के शासकीय सीएम राईस विद्यालय में संस्था प्रधानो की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में सिरोंज-लटेरी ब्लॉक के 50 संस्था प्रधान उपस्थित हुए। वही जिला स्काउट गाइड सचिव हरिहर चतुर्वेदी ने स्काउट गाइड आंदोलन मै दल चलाने मै आ रही कठिनाइयो को दूर करने के उपाय बताते हुए स्काउट गाइड से लाभ के बारे मैं बताया। वही उन्होने कहा कि स्काउट एंड गाइड विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है. यह बचपन से ही व्यक्तित्व के विकास की नींव रखता है. एक बेहतर नागरिक बनाने के लिए समाज के प्रति



जिम्मेदारी और कर्तव्यों की प्रेरणा स्काउट एंड गाइड में दी जाती है। स्काउट और गाइड बनने से युवाओं में कई सकारात्मक गुण और कौशल विकसित होते हैं, जैसे कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता और जीवन कौशल. यह आंदोलन युवाओं को आत्मनिर्भर बनाता है और उन्हें समुदाय के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करता है। तो वही जिला संगठक अनीता पटले ने दल पंजीयन एवं स्काउट गाइड एवं शिक्षक की उत्तरोत्तर प्रगति के बारे मै बताया। इस मौके पर सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार ने भी आंदोलन से लाभ के बारे मै बताया। उन्होंने उनके स्कूल के स्काउट्स से भी मिलवाया। तो वही विकास खंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी ने भी सम्बोधित करते हुए स्काउट गाइड दल चलाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही वरिष्ठ शिक्षक संजीव माथुर द्वारा व्यवस्था में सहयोग किया गया।

### ग्राम झण्डवा डाकघर में आयोजन

# बीपीएम कुंवर राम दांगी का सेवानिवृति समारोह संपन्न



**सिरोंज।** ग्राम झण्डवा डाकघर शाखा में पदस्थ कुंवर राम दांगी की सेवानिवृति के अवसर पर डाकघर झण्डवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिरोंज के मेल ओवरसीअर इस्लाम खान,झंडवा शाखा डाकपाल राम चरण चिढ़ार द्वारा कुंवर राम दांगी को शाल श्रीफल भेंट विदाई दी।

वही उन्होने कहा कि श्री दांगी को डाकघर में अपनी सेवा देते हुए 38 वर्ष पूरे हो गए उनका कार्यकाल अपने शाखा डाक क्षेत्र में स्वच्छ और ईमानदारी का रहा है। इस मौके पर श्री दांगी ने अपना कार्यकाल याद करते हुए बताया कि पहले इस एक शाखा डाकघर में हम तीन व्यक्ति काम करते थे लेकिन धीरे-धीरे शासन इसको काम करती गई और एक समय ऐसा आया कि तीनों व्यक्तियों का काम अकेले मैं ही करता था। क्योंकि शासन ने इस डाक विभाग में नई भर्तियां नहीं की थी। पहले शाखा डाकघर झन्डवा में कई गांव आते थे जिनमें डाक वितरित की जाती थी। पहले पोस्टकार्ड, बैरंग पत्र आते थे जिनको वितरण करने के लिए रोज साइकिल या पैदल जाना पड़ता था। बरसात के दिनों में तो जब गांव में सड़क नहीं होती थी तो पैदल कीचड़ के रास्ते से ही डाक वितरण करने गांव-गांव जाना पड़ता था। मैने अपने कार्यकाल में अपनी ईमानदारी छवि के कारण कई उतार-चढ़ाव भी देखे लेकिन अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटा और अपनी ईमानदारी छवि से कार्य करता रहा। उन्होने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में कई नये शाखा डाकघर खुल गए हैं।

### चारधाम की यात्रा करके वापस लौटे श्रद्धालुओं के जत्थे का किया स्वागत



**सिरोंज।** सावन के पवित्र माह में नगर के हाजीपुर से लगभग एक दर्जन श्रद्धालुओ का जत्था चार धाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। जो कि शनिवार को यात्रा से सकुशल लौटने पर उनके परिजनों व वार्डवासियो ने सभी श्रद्धालुओं का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वार्ड के ऋषि शर्मा,अमन चौकसे,तनुज राय,हुकुम सिंह,आशीष जयसवाल,गुड्डू जयसवाल,नवीन जयसवाल,नितेश पटेल चारो धाम की यात्रा के दौरान केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री दर्शन के लिए गए थे। तो वही यात्रा से वापस लौटे वरिष्ठ समाजसेवी पत्रकार ऋषि शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म में चार धाम यात्रा का विशेष महत्व है। यह यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। चार धाम यात्रा को कलयुग के मोक्ष प्राप्ति का मार्ग माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि हर किसी को जीवन में एक बार चार धाम यात्रा जरूर करनी चाहिए। इसके चमत्कारी परिणाम देखने को मिलते हैं,हिंदू धर्म में मान्यता है कि चार धाम यात्रा करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है और वह जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाता है। ये भी कहते हैं कि व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं और उसे पुण्य की प्राप्ति होती है।

### शाम को शुरू हुआ बारिश का दौर, उमस से लोग रहे परेशान

# तीन दिन के बाद फिर बदला मौसम आसमान में घने बादलों का डेरा



**बरेली।** पिछले तीन दिनों से बारिश न होने से नगर एवं क्षेत्र के निवासी राहत महसूस क रहे थे। शनिवार को सुबह से मौसम बदला दिन भर धूपछांव का खेल और भारी उमस से निवासी परेशान बने रहे। आसमान में छाये घने बादलों ने शाम का अंधेरा होते ही बरसना शुरू कर दिया। रक्षाबंधन का त्योहार निकट है, इससे पूर्व ही पुनः बारिश का दौर शुरू होने से व्यापारियों और ग्राहकों दौनों की परेशानियां बढ़ सकती है।

**तीन दिन नहीं हुई बारिश** – जैसे ही भारी बारिश बाढ़ और जल भराव की परेशानियां खत्म होने के बाद तीन दिनों तक दिन में अच्छी धूप निकली तो लोग राहत महसूस करने लगे कि अब भारी कीचड, नमी और चहुओर पानी ही पानी से राहत मिल गई है। तीन दिनों तक बारिश नहीं हुई तो ग्रामीणों का गांवो, घरों से बाहर निकलना शुरू हो गया। नगर के बाजारों, दुकानों पर ग्राहकों की आवक बढने के साथ रौनक भी दिखलाई देने लगी। रक्षाबंधन त्योहार के पूर्व राखी उपहार सामग्री, खिलौनो, रेडीमेड कपडो, साडियों के साथ किराना और सर्राफा दुकानों में अच्छी ग्राहकी शुरू हो गई। किसानों द्वारा भी बारिश न होने के कारण धान की फसलों में खाद, डोज डालना और कही-कही धान की निंदाई भी शुरू कर दी गई।

#### बारिश का दौर शुरू

सावन के महिना का आखिरी सप्ताह प्रारंभ हो गया है। पूरे सावन माह में जम कर बारिश होने से नर्मदा मैया के साथ अन्य नदियों में बाढ़ और निचले हिस्सों में जल भराव की परेशानियों भरी स्थिति अनेक दिनों तक बनी रही। अधिकांश ग्रामीण रास्तों पर आवागमन बंद सा बना रहा। जिस प्रकार आसमान में घने बादलों का डेरा जम गया और बारिश का दौर अचानक शुरू हुआ, उससे आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना बन गई है।

# पुलिस ने चलाया टॉकीज रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान

### वाहनों, हाथ ठेलों वालों पर की चालानी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर में प्रवेश का सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त बने रहने वाले टॉकीज रोड पर पुलिस द्वारा प्रतिदिन मार्ग को अतिक्रमण मुक्त और सुरक्षित यातायात के लिए सडक़ पर हाथ ढेला लगाने और वाहनों को खडा कर यातायात बाधित करने वालों के विरूद्ध तीन दिनों से चालानी कार्यवाही जुर्माना वसूली की कार्यवाही की जा रही है। नगर की सभी सडक़ो पर अतिक्रमण की भरमार बनी हुई है। नगर के बीचों-बीच से निकले मुख्य मार्ग के दौनों और के साथ पावर हाउस रोड, कन्याशाला रोड, टॉकीज रोड, सब्जी मंडी के आसपास, बडा बाजार, छोटा बाजार मार्ग पर अतिक्रमण की भरमार से दो पहिया वाहन तो क्या पैदल चलना भी जोखिम भरा बना रहता है। अतिक्रमण के कारण विवाद की स्थिति भी बनती है।

#### प्रतिदिन कार्यवाही

थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने बताया कि टॉकीज रोड पर हाथ ठेलों वालो एव मार्ग पर वाहन खडे करने वालों के विरूद्ध पिछले तीन दिनों से चालानी कार्यवाही और जुर्माना किया जा रहा है। सबसे अधिक भीड़ भाड इसी मार्ग पर बनी रहती है।

### गुरूकुल स्कूल जिला स्तरीय चयन

# सर्वोदय हा.से. स्कूल में ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता हुई



**बरेली।** शनिवार को सर्वोदय हा.से. स्कूल में छात्रों की ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता हुई। जिसमें अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर शतरंज में अपना प्रतिभा का प्रर्दशन किया। गुरूकुल सीबीएसई स्कूल के छात्रों ने प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगित के लिए चयन हुआ। अन्डर 17 वर्ष वर्ग में माही राय, सौम्या राय, सोमेश्वर दुबे, प्रांजल दुबे, आदित्य प्रताप राय तथा 14 वर्ष वर्ग में मानिका राय ने भाग लिया। गुरूकुल स्कूल की माही राय, सौम्या राय, सोमेश्वर दुबे, मानिका राय का बेहतर प्रदर्शन पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। गुरूकुल स्कूल के संचालक प्रशांत राठी ने छात्र-छात्राओं के शतरंज खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन और चयन होने पर कहा कि हमारे छात्रों की यह उपलब्धि केवल खेल में नहीं बल्कि उनके समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय का नाम छात्र रौशन कर रहे है। सभी छात्र-छात्राओं को आगामी प्रतियोगिताओं में सफलता के लिए बधाई, शुभकामनाएं दी।

### कीटनाशकों, टॉनिक दवाओं का प्रति सीजन में करोड़ों का व्यापार

# कीटनाशक, टॉनिक बेचने की दुकानों की भरमार

### जांच के प्रति उदासीनता का उठा रहे लाभ, नमूनों की जांच का महिनों बाद परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कृषि प्रधान नर्मदा क्षेत्र की देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों में प्रति सीजन कीटनाशक दवाओं, विभिन्न प्रकार के टॉनिक और खरपतवार नाशकों, रासायनिक खादों का करोडो रू. का व्यापार हो रहा है। प्रत्यके बडे ग्राम और नगरों की मुख्य सडक़ो और गलियों में कीटनाशक, टॉनिक बैंचने की भारी संख्या में दुकानें नजर आ रही है। इन दुकानों पर किस स्तर के कीटनाशकों टॉनिक, खरपतवार की बिक्री हो रही है। जांच के प्रति जिम्मेदारों की उदासीनता से घटिया निम्न स्तर की दवाए बिकने की संभावना रहती है। जब सीजन शुरू होता है, दुकानों पर माल का भराव होता है। तभी नमूना जांच होना चाहिए। जब कृषि विभाग द्वारा कभी कभार नमूना लेने की औपचारिकता की जाती है। महिनों बाद जांच के परिणाम आते है। जिन किसानों को घटिया निम्न स्तरीय दवाएं बैंची गई। वह



उपयोग कर चुके होते है। प्रतिबंध लगाने की मात्र औपचारिकता में आखिरकार किसान ही ढगा जाता है।

**वर्ष में तीन फसलें** – बारना बांध की नहरों से सिंचित नर्मदा क्षेत्र के सेकडो ग्रामों में किसानों द्वारा वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन किया जा रहा है। खरीफ में मुख्य रूप से बासमती धान, गैर बासमती धान, रवि सीजन में गेहूं , चना, तुअर की खेती, ग्रीष्मकाल में मूंग की खेती कर लाखो कु. अनाज का प्रति सीजन उत्पादन किया जा रहा है। तीनों सीजन में फस्लों को रोगों, कीट प्रकोप से बचाने और उपज बढ़ाने के लिए किसानों द्वारा जमकर रासायनिक कीटनाशकों, विभिन्न प्रकार के टॉनिक खरपतवार नाशकों एव रासायनिक खादों का भारी मात्रा में उपयोग किया जाता है। शायद इसी कारण बडे किसान गांवो में अपने उपयोग के साथ कीटनाशकों को बैंचने दुकान खोल कर सक्रिय बने हुए है।

**किसानों को आर्थिक नुकसान** – कृषि विभाग का अनुविभागीय एवं वरिष्ठ कृषि अधिकारी कार्यालय बाड़ी में है। कृषि विभाग में मैदानी अमले कृषि विस्तार अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों की भारी कमी बनी हुई है। क्षेत्र में सवा दौ सौ ग्राम आते है। लाखो एकड़ कृषि भूमि में किसानों द्वारा अपने अनुभव के अनुसार परंपरागत खेती की जा रही है। नर्मदा क्षेत्र में सरकार के प्रयासों के बाद भी जैविक प्राकृतिक खेती के प्रति उदासीनता बनी हुई है। अधिकांश किसानों द्वारा दुकानदारों के भरोसे फसलों की सुरक्षा, अच्छी फसल उत्पादन के लिए कीटनाशकों, टॉनिक दवाओं का उपयोग किया जाता है। एक तो दुकानों पर स्टॉक के समय जांच नमूना नहीं लिए जाते, यदि नमूना लिए जाते है, तो महिनों बाद परिणाम आते है। जिन किसानों ने नमूना फेल दवाओं को खरीदा, उपयोग किया। उन्हें क्षतिपूर्ति मुआवजा नहीं मिलता, तो आर्थिक नुकसान तो किसानों को ही उठाना पडता है।

**प्रति सीजन करोडो का व्यापार** – संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में प्रति सीजन करोडो रू. का कीटनाशक और टॉनिक दवाओं, खरपतवार नाशक दवाओं का व्यापार होता है। किसानों को सादी पर्ची पर दवाईयां देने की परंपरा बनी हुई है। बिना बैच नं. विभिन्न प्रकार की दवाईयां जमकर किसानों द्वारा खरीदी और व्यापारियों द्वारा बैंचे जाने में हमेशा निम्न स्तरीय दवाओं के व्यापार की संभावना बनी रहती है। क्षेत्र में ही जांच प्रयोगशाला खोले जाने की किसानों द्वारा मांग की जा रही है। जिससे घटिया निम्न स्तरीय दवाओं की बिक्री पर लगाम लग सकें।

# नपं. का टेक्स वसूली अभियान जारी

### घरों घर दिए जा रहे हाउस टेक्स राशि के नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नपं. के राजस्व विभाग द्वारा पुराने बकाया टेक्स राशि की वसूली के लिए राशि वसूली अभियान शुरू किया गया है। सीएमओ हरिशंकर वर्मा के निर्देश पर नपं. के कर्मचारी नगर के सभी 15 वार्डो में हाउस टेक्स वसूली के लिए मकान मालिकों को नोटिस थमा रहे है

नपं. के लम्बे समय से विभिन्न करो की लाखो रू. की राशि बकाया बनी हुई है। जिसमें सर्वाधिक राशि हाउस टेक्स, जल कर एवं नपं. के कब्जे वाली दुकानों की है। नगर के हजारो मकान मालिकों, परिवारों द्वारा वर्षो से हाउस टेक्स की राशि नियमित रूप से नपं. की राजस्व शाखा में जमा न करने से प्रतिवर्ष बकाया राशि



बढ़ती ही जा रही है। नपं. के सभी टेक्स बकायादारों को नोटिस देकर राशि वसूलने के लिए राजस्व शाखा के साथ कर्मचारी सक्रिय बने हुए है। घरों-घर पहुंच कर टेक्स जमा करने दस्तक और नोटिस थमायें जा रहे है।

website : general.kbtgroup.in
KBT Kusha Bhau Thakre COLLEGE
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149
E-Pravesh Code-P619
BA (Com+Plain)
B.Com (Com+Plain)
B.Sc (Com+Plain)
B.Lib (1 Years)
PGDCA (1 Years)
MSW (2 Years)
PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years)
B.ED. (2 Years)

## रजिस्ट्री कराने वालों पर आयकर विभाग की पैनी नजर

# शिकंजा कसने की तैयारी : सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कार्रवाई शुरू

◆ नकद राशि देकर हो रहा करोड़ों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जिला पंजीयक विभाग के अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं। जिला पंजीयक अधिकारी रजनीश सोलंकी द्वारा जिलेभर के उप पंजीयक विभागों से जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है। इस पर शिकंजा कसने की तैयारी भी शुरू कर दी है। रियल एस्टेट कारोबार के कालोनाइजरों द्वारा मकान, प्लॉट, जमीन के नाम लाखों रुपए का लेनदेन नकद राशि में हो रहा है।

रियल स्टेट के कारोबार में क्रेता-विक्रेता दोनों इसकी जानकारी अपने दस्तावेज में देकर पंजीयन करा लेते हैं। इस तरह प्रति माह हो रहे करोड़ों रुपए के नगदी कारोबार की आयकर विभाग को जानकारी नहीं मिलती है। नई व्यवस्था के बाद संपत्तियों के क्रय विक्रय में पारदर्शिता आ जाएगी। इसका पूरा लेनदेन जिला पंजीयन विभाग और आयकर विभाग के सामने भी रहेगा। मकान, दुकान, जमीन की खरीदी में 2 लाख रुपए से अधिक के भुगतान करने वालों की जिला पंजीयन विभाग ने कुंडली बनाना शुरू कर दिया है। इन लोगों पर आयकर विभाग शिकंजा कसेगा। पूर्व में जिन लोगों ने नकद देकर दस्तावेज पंजीयन कराए हैं उसकी भी जांच पड़ताल की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के आदेश के बाद जिलेभर के जिला पंजीयक ने जिलेभर में उप पंजीयक से कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय के जिला पंजीयक सहित सभी उप पंजीयक कार्यालय में एक रजिस्टर में रजिस्ट्री कराने वाले पक्षकारों के नाम, संपत्ति का विवरण और नगद राशि की जानकारी दर्ज की जा रही है। इसकी सूची तैयार कर हर 15 दिन में उपपंजीयक कार्यालय से जिला मुख्यालय रायसेन आएगी। यहां से यह जानकारी पंजीयन विभाग के प्रदेश मुख्यालय को भेजी जाएगी। जिले में सभी उपपंजीयक कार्यालय में नई व्यवस्था को लागू कर दिया गया है। इसके बाद से दस्तावेज पंजीयन का अधिकारियों और कर्मचारी सूक्ष्म जांच करने के बाद पंजीयन करने लगे हैं। 2 लाख रुपए से अधिक नकद भुगतान करने वालों की भेजी जाएगी। जिससे विभाग की कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा

महानिरीक्षक पंजीयन अधीक्षक मुद्रांक अमित तोमर ने अपने पत्र क्रमांक 1915 संपदा 25 में यह आदेश जारी किए हैं कि सुप्रीम कोर्ट दिल्ली द्वारा आरवीएएनएमए एजुकेशन इंस्टीट्यूट बनाम बी गुणशेखर प्रकरण में निर्देशित किया गया है कि जिस किसी भी की संपत्ति रजिस्ट्री में दो लाख रुपये या उससे अधिक की राशि नकद के रूप में दी गई हो उन सभी प्रकरणों की सूचना संबंधित क्षेत्रीय आयकर विभाग को भेजना चाहिए। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिलेभर के उप पंजीयकों से जानकारी अनिवार्य रूप से जानकारी एकत्रित करें।

### इनका कहना है...

सभी उप पंजीयकों को दिए हैं आदेश। नए आदेश के बाद जिले के सभी उप पंजीयकों को यह आदेश दिए गए हैं कि 2 लाख रुपये से अधिक नकद देकर रजिस्ट्री कराने वालों की पहचान की जा रही है।संपत्ति के पुराने पंजियनों की जानकारी जिला पंजीयक भेजने को कहा गया था।

**रजनीश सोलंकी जिला पंजीयक**

# रायसेन शहर में विशाल कांवड़ यात्रा सावन के चौथे सोमवार को

## कांवड़ियों का शहर में जगह जगह होगा फूल बरसाकर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर में 4 अगस्त सोमवार को चौथे सावन सोमवार को ढोलनगाड़ों के बीच विशाल कावड़ यात्रा शहर की सड़कों से होकर गुजरेगी। यह बात विधायक प्रतिनिधि जमना सेन ने आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि यह कावड़ यात्रा माध्यम ग्रुप रायसेन के द्वारा पिछले कई सालों से लगातार निकाली जा रही है। इस कावड़ यात्रा का मुख्य उद्देश्य रायसेन के ऐतिहासिक के लिए स्थित सोमेश्वर धाम मंदिर के ताले खुलवाना है। माध्यम ग्रुप रायसेन के अलावा हिंदूवादी संगठन हिंदू उत्सव समिति सहित बजरंग दल विहिप अन्य हिंदू संगठनों के लोग जुटे हुए हैं । मेरी यह कोशिश है कि जल्द से जल्द शिव मंदिर से बरसों से ताले में कैद भगवान सोमेश्वर की रिहाई हो। इसीलिए शिव भक्तों का समर्थन जुटाने ढोलनगाड़ों के बीच 4 अगस्त सोमवार को सुबह 10 बजे विशाल कावड़ यात्रा मारुति नंदन मंदिर पाटनदेव से शुरू होगी।

कावड़ यात्रा में भगवा साड़ी पहने महिलाएं भी शामिल होंगी। कावड़िए भगवा टीशर्ट पहनकर बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए की तरफ से हर साल माता बहनों को निःशुल्क केसरिया साड़ियां नवयुवकों और बड़ों की भगवा टीशर्ट बांटी जाती हैं।

यह कावड़ यात्रा पाटनदेव सिद्ध हनुमान मंदिर से शुरू होकर अर्जुन नगर मुखर्जी नगर सागर भोपाल तिराहे से होते हुए महामाया चौक से इंडियन चौराहे दुर्गा चौक तिपट्टा बाजार से मालीपुरा होकर रायसेन किले स्थित भगवान सोमेश्वर धाम मंदिर पहुंचेगी। जहां भगवान सदाशिव का विशेष अभिषेक शिव भक्तों द्वारा और कावड़ियों द्वारा किया जाएगा। हर हर भोले हर हर महादेव के जयकारे कावड़ यात्रा में गूंजेंगे। यह कावड़ में जल नर्मदा नदी बौरास घाट से भरकर लाएंगे। नर्मदा मैंय्या के जल से शिवभक्त अभिषेक करेंगे।

### कांवड़ यात्रा में ये रहेंगे आकर्षण के केंद्र

*शहर में निकाली जाने वाली विशाल कावड़ यात्रा में शामिल होने वाले कई कार्यक्रम आकर्षण के केंद्र रहेंगे।कावड़ यात्रा के आयोजक एवं माध्यम ग्रुप के प्रमुख जमना सेन ने बताया कि इनमें हर साल शिवपार्वती की सजीव झांकीआकर्षण का केंद्र तो रहेगी। इसके अलावा कावड़ यात्रा में पंजाब के ढोल बुरहानपुर के ताशे महाकाल बाबा डमरू पार्टी उज्जैन दुलदुल घोड़ी, बेगमगंज की ढपला रमतूला पार्टी, लहंगी अखाड़े मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। नपाध्यक्ष सविता जमना सेन ने धर्मप्रेमी जनता से विशाल कावड़ यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया है।*

# विधायक ने मृतक के परिजनों को दी चार लाख की सहायता राशि

## मनकापुर नाले में युवक की पानी मे बहने से हो गयी थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



जिले की गैरतगंज तहसील की ग्राम पंचायत कढ़ैया के मनकापुर नाले में युवक अजय अहिरवार की नाले के पानी मे बहने से मृत्यु हो गई थी।

मृतक के परिवार से मिलने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री डा चौधरी ने कहा मे इस दुख की इस घड़ी में आपके साथ हूं। सरकार भी आपके साथ खड़ी है। मृतक के पिता रामसिंह अहिरवार को चार लाख रुपये की सहायता राशि का चैक भी दिया। 29 जुलाई मंगलवार को ग्राम पंचायत कढ़ैया के मनकापुर गांव में अजय अहिरवार पिता रामसिंह अहिरवार की गांव के पास से निकले नाले में नहाने गया था नाले में तेज उफ़ान होने से अजय बह गया था। इसकी सूचना स्थानीय एवं परिवार के लोगों ने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को दी जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया तीन दिन की मेहनत के बाद गांव से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर सेहजपुर नाले की पुलिया पर झाड़ियां में अजय का शव मिला।

गैरतगंज पुलिस ने शव का पीएम करा कर परिजनों को सौंपा। जब इस घटना की जानकारी पूर्व कैबिनेट मंत्री क्षेत्रीय विधायक डॉ प्रभु राम चौधरी को मिली तो वो शनिवार को मनकापुर गांव अजय के घर पहुंचे। परिवार जनों से मिले उन्होंने कहा मैं इस दुख की घड़ी में आपके साथ हूं जो भी मदद मुझे बनेगी मैं करूंगा । उन्होंने चार लाख रूपए का चेक अजय के पिता रामसिंह अहिरवार को दिया। उन्होंने यहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से कहा इस परिवार के लोगों की जो भी समस्या है उसे शीघ्र हल करें। इस मौके पर बीजेपी मंडल अध्यक्ष देहगांव वीर सिंह पटेल, भाजपा नेता भागचंद चौरसिया, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष हरिनारायण धाकड़, सरपंच रूप सिंह अहिरवार सरपंच सैयद मसूद अली पटेल, महामंत्री देवी सिंह अहिरवार, गजेंद्र राणा, एसडीएम सौरभ मिश्रा तहसीलदार नरेश सिंह राजपूत, नायब तहसीलदार हर्ष गुप्ता, पटवारी नन्दकिशोर अहिरवार, सचिव अवध ठाकुर,सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अभिभाषक संघ के चुनाव में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किए गए। अभिभाषक कक्ष में संतोष प्रभाकर सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार निर्वाचन कराया जाएगा।

पूर्व में स्टेट बार काउंसिल जबलपुर द्वारा बेगमगंज बार एसोसिएशन के निर्वाचन के लिए बनाई गई पांच सदस्यीय तदर्थ समिति को उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त करते हुए नवीन निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर 45 दिवस में पुनः चुनाव कराने आदेश पारित किया है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अभिभाषक संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद मतीन सिद्दीकी को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एसएन रावत को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके उपरांत निर्वाचन अधिकारियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता आईएस बुन्देला,आरसी दुबे, एनके जैन, चांद मियां, ओपी दुबे, मूरत सिंह ठाकुर, किशोरीलाल चौरसिया, इंद्राज सिंह, राजेश यादव, डीपी चौबे, प्रताप सिंह राजपूत, धीरेंद्र सिंह गौर, राजेंद्र सिंह सोलंकी, विवेक श्रीवास्तव, बैभव शर्मा आदि सहित सभी अधिवक्तागण मौजूद रहे और नवनियुक्त निर्वाचन अधिकारियों को बधाई दी।

## बेदाग रहा पटवारी भगवान सिंह मीणा का 36 वर्षीय सेवाकाल



**रायसेन**। तहसील रायसेन के राजस्व पटवारी हल्का सेवासनी सिंहपुर के पटवारी भगवान सिंह मीणा का छत्तीस वर्षीय कार्यकाल बेदाग रहा। हम उनके कार्यकाल की तारीफ करते हैं. क्योंकि मेहनत और लग्ननिष्ठा से पटवारी मीणा ने अपनी सेवाएं दी। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। यह बात एसडीएम मुकेश सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने गौरव मैरिज गार्डन में आयोजित समारोह पूर्वक विदाई समारोह में कही। पटवारी भगवान सिंह मीणा के रिटायरमेंट पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। रायसेन तहसीलदार भरत मांडले द्वारा शाल श्रीफल पहनाकर सेवानिवृत पटवारी भगवान सिंह मीणा का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार अमृता सिंह सहित बाबू राजीव राय,गजेंद्र गोलू मीणा, कस्बा पटवारी सीताराम आदिवासी, आदि उपस्थित रहे।

# सजायाफ्ता कैदी ने गौहरगंज उप जेल में लगाई फांसी मौत

## जेल में फांसी के फंदे में लटका मिला कैदी तिलक सिंह शाक्य का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के गौहरगंज उप जेल में एक सजायाफ्ता कैदी की संदिग्थ परिस्थितियों में मौत हो गई है। उपजेल गौहरगंज की किचिन में जाकर कैदी ने लोवर से फाँसी लगा ली। आनन फानन में कैदी तिलक सिंह शक्या को औबेदुल्लागंज अस्पताल लाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने तिलक सिंह को मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने गौहरगंज जेल प्रबंधन की सुरक्षा के दावों की पोल खोलकर रख दी है। उपजेल के अंदर कैदी का फाँसी लगा लेना जेल प्रबंधन की लापरवाही उजागर करता है। कैदी तिलक सिंह शाक्या उम्र 22 रेप पॉस्को एक्ट में सजा काट रहा था। मृतक तिलक सिंह शाक्या पिछले आठ महीने से जेल में बंद था। परिजनों ने गौहरगंज जेल प्रबंधन पर 12 हजार रुपये रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप लगाए है। उपजेल में मुलाकात के दौरान कैदी तिलक शाक्या ने परिजनों को बताया था कि जेल में 12000 रुपयों की मांग की जा रही है। कैदी ने बताया था की नकदी रुपये नही देने पर मारपीट की जाती है। जेलर यशवंत शिल्पकार ने सभी आरोपो को गलत व बेबुनियाद और निराधार बताया है। कैदी की मौत के बाद अस्पताल के बाहर रोते बिलखते परिजन न्याय की गुहार लगाते रहे।

# नकली खाद के मामले में आरोपी और इंदौर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

पुलिस ने नकली खाद बेचने वाले गिरोह के एक सदस्य को और इंदौर से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली है। आरोपी को पूछताछ के बाद रायसेन न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से युवक को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर सलामतपुर पुलिस को सौंपा गया है।

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि नकली खाद बेचने के मामले ने तीन आरोपियों शाहिद, लईक और अज़ीज़ का भी दो दिन का पुलिस रिमांड न्यायालय द्वारा दिया गया था। इस दौरान तीनों आरोपियों से पूछताछ में कितने किसानों को माल बेचा और भोपाल में किस जगह पर खाद को बोरियों में भरा जाता था। उस जगह की आरोपियों को साथ ले जाकर तस्दीक की गई। वहीं आरोपियों की निशानदेही पर इंदौर से पराग जैन पिता राजमल जैन को डीएपी की खाली बोरी सप्लाई करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। शाहिद, लईक और अज़ीज़ की 2 दिन रिमांड की अवधि पूरी हो जाने पर शनिवार को वापस भेज भेज दिया गया है।

# रतनपुर में छायादार,फलदार पौधरोपण कर ग्रामीणों ने दिया पर्यावरण को बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




ग्राम पंचायत बनगवां के अंतर्गत ग्राम रतनपुर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाली महोत्सव में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ग्रामीणजनों द्वारा हरेभरे फलदार छायादार पौधे रोपे पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर सरपंच मनीष कुमरे, उपसरपंच सुशील बाई,संतोष शर्मा,सचिव रामबाबू दांगी,सचिव राहुल समाधिया,रोजगार सहायक राजेश कुमरे, समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत, संतोष शर्मा,मनफूल बंजारा, योगेन्द्र गौर, चिमन सिंगरोली, अभिषेक जाटव, रामसिंह सूर्यवंशी, श्यामलाल भील रतनपुर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और अन्य ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सरपंच मनीष कुमरे ने बताया किपौधरोपण के दौरान आम, नीम, पीपल और अन्य छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने बताया कि यह पहल ग्राम के हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के साथ-साथ भावी पीढ़ियों को स्वच्छ वायु और बेहतर वातावरण देने की दिशा में एक छोटा लेकिन मजबूत कदम है। सरपंच कुमरे सचिव दांगी ने दौरान संकल्प दिलाया कि बिगड़ते पर्यावरण को बचाने उनके संरक्षण के लिए सभी को मिलजुलकर इन पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी। जिससे कि आगामी समय में हरियाली और स्वस्थ पर्यावरण की ओर एक बड़ी पहल मानी जाएगी।

# नगर परिषद बाड़ी की उदासीनता से जनता हो रही परेशान

## बारिश में जल भराव से कई वार्डों में घरों में भर जाता है पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी



1980 से शहर को नगर पालिका का दर्जा प्राप्त हुआं इस दरमियान शहर में करोड़ों के विकास कार्य हुए हर पंचवर्षीय में लगभग पांच करोड़ के विकास कार्य होते हैं जिसमें सड़क नाली और नगर के सौंदर्य पर खर्च होते हैं लेकिन इसके बावजूद नगर परिषद हर साल बरसात में लाखों की चूरी डलवा देती हैं । जो यह दर्शाता है कि शहर में विकास महज कागजी होता आया हैं ।

वार्ड क्रमांक 12 में रहवासियों की समस्या का वार्ड पार्षद सरबजीत सिंह अटवाल समस्या का निदान करते हुए देखें गए, बीते दिनों में हुई बारिश के कारण नगर एवं बार्ड के रोड में जल भराव के कारण कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हुई लेकिन नगर परिषद ने किया अनदेखा इसके चलते वार्ड के निवासियों की परेशानी को देखते हुए वार्ड न 12 से पार्षद सरबजीत सिंह अटवाल ने अपने निजी व्यय से अपने वार्ड पर डलाई चूरी लोगों की समस्या का किया समाधान पार्षद के इस कार्य की वार्ड रहवासियों ने सराहना की ।

## शा.महा.में मनाई गोस्वामी तुलसीदास जयंती

# रामचरित मानस जीवन का मूल आधार

◆ डॉ. रामानुज रघुवंशी ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी




शासकीय महाविद्यालय सिलवानी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ अंतर्गत संत शिरोमणी गोस्वामी तुलसीदास जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में डॉ लक्ष्मीकांत नेमा द्वारा विद्यार्थियों को साहित्य के महत्त्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. रामानुज रघुवंशी ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन और उनके समय की परिस्थिति- परिवेश के साथ उनकी रचनाओं की तत्कालीन समय और वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर विचार रखे। डॉ. रघुवंशी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी की कृति श्री रामचरितमानस का आज भी राष्ट्र के कोने-कोने में पारायण किया जाता है और मानस पारायण से समाज को दिशा और मार्गदर्शन मिलता है।

इसके अतिरिक्त भी मानसेत्तर कृतियों में जीवन दर्शन भरा पड़ा है, आवश्यकता है तुलसी साहित्य के अध्ययन की। गोस्वामी तुलसीदास जी कालजयी रचनाकार हैं। श्री रामचरितमानस और मानसेत्तर कृतियां को पढ़कर उनसे जीवन को सही दिशा दी जा सकती है और समाज को उत्कृष्टता की ओर ले जाया जा सकता है। साहित्य को केवल पढ़ना नहीं है, आचरण में लाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य मनोहर लाल कोरी, राघवेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. अभिलाषा ठाकुर, स्मिता चौरसिया, श राहुल साहू सहित स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बाढ़ के पानी से फसलें खराब किसान परेशान

**दीवानगंज**। सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले कई गांवों के किसानों की घोड़ा पछाड़ नदी के उफान पर आने के कारण फसलें चौपट हो गई हैं। कई किसानों की फसलें पानी में बह गई हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। घोड़ा पछाड़ नदी के उफान पर आने से फसलें 24 घंटे से ज्यादा पानी में डूबी रहीं और जब गुरुवार की सुबह खेतों का पानी कम हुआ, तो फसलें काली पड़ चुकी थीं। फसलें खराब होने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। नदी का जलस्तर बढऩे से मंगलवार की रात से ही नदी किनारे वाले खेतों में पानी भरने लगा था। 24 घंटे बाद बुधवार की सुबह से पानी कम होना शुरू हुआ और दूसरे दिन शाम तक खेत खाली हो गए थे। खेतों से पानी तो निकल गया, लेकिन उससे फसलों को हुए नुकसान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।